**HINDI**

**समय : 3 घंटे** **पूर्णांक : 80**

**निर्देश :**

1. इस प्रश्न-पत्र के चार खंड हैं - क,ख,ग और घ।
2. चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
3. यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमश: दीजिए।

**खंड - क**

प्रश्न 1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर, पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 1 x 5 = 5

मानव जाति को जो बीमारियाँ विरासत में मिली हैं, उनमें अधिकांश के लिए स्वास्थ्य तथा स्वास्थ्य रक्षा के नियमों की अनभिज्ञता और अवहेलना उत्तरदायी है। इसमें संदेह नहीं कि हमारे यहाँ की इतनी ऊँचीं मृत्यु दर का कारण मुख्य रूप से हमारी घोर दरिद्रता है पर यदि लोगों को अपने स्वास्थ्य रक्षा के विषय में ठीक से शिक्षित किया जा सके तो इस समस्या का समाधान संभव है।

(क) मानव जाति को कुछ बीमारियाँ किस रूप में मिली हैं?
(ख) हमारे यहाँ की ऊँचीं मृत्यु दर का मुख्य कारण क्या है?
(ग) ऊँचीं मृत्यु दर को कम करने का समाधान क्या है?
(घ) 'शिक्षा' शब्द का भाववाचक संज्ञा शब्द बताइए।
(ङ) उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक दें।

प्रश्न 2. निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर, पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 1 x 5 = 5

देव, मेरे भाग्य में है क्या बता,
मैं बचूँगी या मिलूँगी धूल में?
या जलूँगी गिर अंगारे पर किसी,
चू पड़ूँगी या कमल के फूल में?

क) बूँद किसे संबोधित कर रही है?

ख) उपर्युक्त कविता में धूल में मिलने का क्या अर्थ है?

ग) बूँद किस पर गिरने की बात कर रही है?

घ) भाग्य, कमल शब्द का अर्थ बताए।

ङ) उपर्युक्त पद्यांश को उचित शीर्षक दें।

## खंड - ख

प्रश्न 3. i) किन्हीं दो शब्दों के अर्थ लिखिए : 2 x 1 = 2

क) झूठ

ख) दुःख

ग) गर्मी

घ) चरण

ङ) इंतजार

ii) किन्हीं तीन मुहावरों का वाक्य में प्रयोग कीजिए : 3 x 1 = 3

क) कोल्हू का बैल

ख) कुत्ते की मौत करना

ग) कलेजे पर हाथ रखना

घ) अंतिम साँसें गिनना

ङ) डींगें हाँकना

iii) किन्हीं दो अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध कीजिए : 2 x 1 = 2

क) हमारे सभी अध्यापकों अच्छे हैं।

ख) अमर को पूछो।

ग) बच्चा बस पर से गिर गया।

iv) किन्हीं दो शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए : 2 x 1 = 2

क) इच्छा

ख) बगीचा

घ) ऋषि

v) किन्हीं दो शब्दों के विलोम शब्द लिखिए : 2 x 1 = 2

क) वसंत

ख) विरोध

ग) आरंभ

घ) आदर

vi) रचना के आधार पर भेद लिखो : 3 x 1 = 3

क) माँ ने खाना बनाया और बच्चों को परोसा।

ख) महात्मा गांधी ने कहा कि स्वतंत्रता अहिंसा से ही प्राप्त की जा सकती है।

ग) नदियाँ पर्वतों से निकलती है।

vii) किन्हीं दो वाक्यों में वाच्य का सही भेद चुनिए - 2 x 1 = 2

क) अहमद सिनेमा देखता है।

ख) सुमन से बोला जाता है।

ग) सलमा से नमाज़ पढ़ी जाती है।

घ) रोमा चर्च जाती है।

viii) कर्म के आधार पर क्रिया के भेद पहचानिए : 2 x 1 = 2

1. बच्चे फ़िल्म देख रहे हैं।
2. नर्तकी नाच रही है।

ix) निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों के सर्वनाम के भेद पहचानिए : 2 x1 = 2

1. <u>जो</u> समय का महत्त्व समझता है, <u>वही</u> दुनिया में उन्नति करता है। -

2. पिता जी! डिब्बे में <u>क्या</u> है?

**खंड- ग**

प्रश्न 4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 2 x 4 = 8

1. काका कालेलकर ने नदियों को लोकमाता क्यों कहा है?
2. 'मास्टर जी की आवाज़ अब कम ऊँची थी। वे रेलगाड़ी के बारे में बता रहे थे।' मास्टर जी की आवाज़ धीमी क्यों हो गई होगी? लिखिए।

प्रश्न 5. किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर संक्षिप्त रूप में लिखो : 3 x 3 = 9

1. सिंधु और ब्रह्मपुत्र की क्या विशेषताएँ बताई गयी हैं?
2. जाली के बड़े घर में पहुँचने पर मोर के बच्चों का किस प्रकार स्वागत हुआ?
3. कुँवरसिंह को बचपन में किन कामों में मजा आता था? क्या उन्हें उन कामों से स्वतंत्रता सेनानी बनने में कुछ मदद मिली?
4. किन विशेषताओं के कारण हॉकी को भारत का राष्ट्रीय खेल माना जाता है?
5. गाँधीजी ने अखिल भारतीय कांग्रेस सहित कई संस्थाओं व आंदोलनों का नेतृत्व किया। उनकी जीवनी या उन पर लिखी गई किताबों के अंशों को चुनिए जिनसे हिसाब-किताब के प्रति गाँधीजी की चुस्ती का पता चलता है?

प्रश्न 6. किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 4 x 2 = 8

1. दिए गए दोहों में बताई गई सच्चाइयों को यदि हम अपने जीवन में उतार लें तो उनके क्या लाभ होंगे? सोचिए और लिखिए।
   तरुवर फल..................संचहि सुजान।।
2. आँख में तिनका पड़ने के बाद घमंडी की क्या दशा हुई?
3. नीचे दी गयी पंक्ति का आशय अपने शब्दों में लिखिए - 'माखन-रोटी हाथ मँह लीनी, गउवन के रखवारे।'

क) शाम कब से शुरू हुई?

ख) तब से लेकर सूरज डूबने में कितना समय लगा?

ग) इस बीच आसमान में क्या-क्या परिवर्तन आए?

प्रश्न 7. किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए : 1 x 5 = 5

क) कवि विनाश के गीत क्यों गाना चाहता है?

ख) नीलकंठ और राधा की प्रिय ऋतु कौन-सी थी?

ग) कवि की आँख में पड़ा तिनका कैसे निकला?

घ) मास्टरजी ने रेलगाड़ी के चलने के बारे में क्या बताया?

ङ) मीरा के भक्ति और प्रेम किसके प्रति है?

च) धनराज ने अपने बचपन के बारे में क्या बताया है?

छ) गांधीजी क्या बना रहे थे?

ज) मोर की चोंच कैसी थी?

प्रश्न 8. दिए गए पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनकर लिखिए : 1 x 5 = 5

खानपान की नई संस्कृति में हमें राष्ट्रीय एकता के लिए नए बीज भी मिल सकते हैं। बीज भलीभाँति तभी अंकुरित होंगे जब हम खानपान से जुड़ी हुई दूसरी चीज़ों की ओर भी ध्यान देंगे। मसलन हम उस बोली-बानी, भाषा-भूषा आदि को भी किसी-न-किसी रूप में ज्यादा जानेंगे, जो किसी खानपान-विशेष से जुड़ी हुई है।

1. खानपान की नई संस्कृति का सबसे अधिक प्रभाव किस पर पड़ता है?

   क) राष्ट्रीय एकता पर

   ख) रूचि पर

   ग) युवानों पर

   घ) स्त्रियों पर

2. खानपान के साथ किन चीजों का अनुसरण किया जाता है?
   क) भाषा और बोली
   ख) रहन-सहन
   ग) वेशभूषा
   घ) दिए गए सभी

3. खानपान की संस्कृति को राष्ट्रीय एकता से कैसे जोड़ा जाता है?
   क) खानपान के आधार पर सभी लोगों का विभिन्न प्रांतों की भाषा व रहन-सहन को भी ग्रहण करना
   ख) रहन-सहन को भी ग्रहण करना
   ग) भाषा ग्रहण करना
   घ) इनमें से कोई नहीं

4. 'बोली और भाषा' का राष्ट्रीय एकता पर कैसे प्रभाव पड़ता है?
   क) प्यार बढ़ता है
   ख) सभी लोग सीखते है
   ग) नए प्रांत को जान लेते है
   घ) एक दूसरे प्रांत के भावों और विचारों को समझने लगते हैं

5. किसी संस्था का खानपान भिन्न-भिन्न क्यों होता है?
   क) रूचि के आधार पर
   ख) वस्तु की उपलब्धता के आधार पर
   ग) मौसमानुसार मिलने वाले पदार्थो के आधार पर
   घ) दिए गए सभी

लिखिए : 1 x 5 = 5

जागो बंसीवारे ललना !
जागो मोरे प्यारे !
रजनी बीती भोर भयो है, घर-घर खुले किंवारे।
गोपी दही मथत, सुनियत है कंगना की झनकारे।।
उठो लालजी ! भोर भयो है सुर-नर ठाड़े द्वारे।
ग्वाल-बाल सब करत कोलाहल, जय-जय सबद उचारै।।
माखन-रोटी हाथ मँह लीनी, गउवन के रखवारे।
मीरा के प्रभु गिरधर नागर, सरण आयाँ को तारै।।

1. इस पद्यांश की रचयिता हैं?
   क) मीराबाई
   ख) महादेवी वर्मा
   ग) सुभद्रा कुमारी
   घ) इनमें से कोई नहीं

2. पद्यांश में किस समय की बात की गई है?
   क) शाम के समय की
   ख) भोर के समय की
   ग) रात के समय की
   घ) दोपहर के समय की

3. मीरा कृष्ण को क्यों उठाना चाहती है?
   क) भोर का समय हो गया था
   ख) ग्वाल बाल उनका इंतजार कर रहे थे
   ग) गोपियाँ कृष्ण के लिए ताजा मक्खन निकाल रही थीं
   घ) दिए गए सभी

4. कृष्ण को जगाने हेतु द्वार पर कौन-कौन खड़े थे?

क) देव और दानव

ख) मानव

ग) ग्वाल और बाल

घ) पशु और पक्षी

5. ग्वाल बालों के हाथ में क्या था?

क) दही-रोटी

ख) माखन-रोटी

ग) रोटी

घ) दूध

## खंड - घ

प्रश्न 10. जहाँ चाह वहाँ राह इस विषय पर अनुच्छेद लिखिए 5

प्रश्न 11. अपने मित्र या सखी को बड़े भाई के विवाह पर निमंत्रित करते हुए पत्र लिखिए। 5

**HINDI**

**समय : 3 घंटे** **पूर्णांक : 80**

**निर्देश :**

1. इस प्रश्न-पत्र के चार खंड हैं - क,ख,ग और घ।
2. चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
3. यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमश: दीजिए।

**खंड - क**

प्रश्न 1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर, पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 1 x 5 = 5

मानव जाति को जो बीमारियाँ विरासत में मिली हैं, उनमें अधिकांश के लिए स्वास्थ्य तथा स्वास्थ्य रक्षा के नियमों की अनभिज्ञता और अवहेलना उत्तरदायी है। इसमें संदेह नहीं कि हमारे यहाँ की इतनी ऊँचीं मृत्यु दर का कारण मुख्य रूप से हमारी घोर दरिद्रता है पर यदि लोगों को अपने स्वास्थ्य रक्षा के विषय में ठीक से शिक्षित किया जा सके तो इस समस्या का समाधान संभव है।

(क) मानव जाति को कुछ बीमारियाँ किस रूप में मिली हैं?

उत्तर : मानव जाति को कुछ बीमारियाँ विरासत के रूप में मिली हैं।

(ख) हमारे यहाँ की ऊँचीं मृत्यु दर का मुख्य कारण क्या है?

उत्तर : हमारे यहाँ की ऊँचीं मृत्यु दर का मुख्य कारण घोर दरिद्रता है?

(ग) ऊँचीं मृत्यु दर को कम करने का समाधान क्या है?

उत्तर : ऊँचीं मृत्यु दर को कम करने का समाधान शिक्षा है।

(घ) 'शिक्षा' शब्द का भाववाचक संज्ञा शब्द बताइए।

उत्तर : शिक्षा - शिक्षित

(ङ) उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक दें।

उत्तर : 'हमारा स्वास्थ्य' इस गद्यांश के लिए उचित शीर्षक है।

प्रश्न 2. निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर, पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 1 x 5 = 5

देव, मेरे भाग्य में है क्या बता,
मैं बचूँगी या मिलूँगी धूल में?
या जलूँगी गिर अंगारे पर किसी,
चू पडूँगी या कमल के फूल में?

क) बूँद किसे संबोधित कर रही है?

उत्तर : बूँद देवता को संबोधित कर रही है।

ख) उपर्युक्त कविता में धूल में मिलने का क्या अर्थ है?

उत्तर : उपर्युक्त कविता में धूल में मिलने का अर्थ नष्ट होना है।

ग) बूँद किस पर गिरने की बात कर रही है?

उत्तर : बूँद कमल के फूल पर गिरने की बात कर रही है।

घ) भाग्य, कमल शब्द का अर्थ बताए।

उत्तर : उत्तर : भाग्य - नसीब, कमल - राजीव

ङ) उपर्युक्त पद्यांश को उचित शीर्षक दें।

उत्तर : उपर्युक्त पद्यांश का उचित शीर्षक 'एक बूँद' है।

## खंड - ख

प्रश्न 3. i) किन्हीं दो शब्दों के अर्थ लिखिए : 2 x 1 = 2

क) झूठ - असत्य

ख) दुःख - पीड़ा,कष्ट

ग) गर्मी - ताप

घ) चरण - पद, पग

ङ) इंतजार - राह देखना

ii) किन्हीं तीन मुहावरों का वाक्य में प्रयोग कीजिए : 3 x 1 = 3

क) कोल्हू का बैल - कोल्हू के बैल की तरह काम करके भी गरीब किसान भरपेट भोजन नहीं पा सकते।

ख) कुत्ते की मौत करना - जो लोग गलत काम करते है वह सदा कुत्ते की मौत मरते हैं।

ग) कलेजे पर हाथ रखना - अपने कलेजे पर हाथ रखकर कहो कि क्या तुम पढ़ाई करते हो।

घ) अंतिम साँसें गिनना - अंतिम साँसें गिनने से पहले ही मोहललाल ने अपनी वसीयत करवा ली थी।

ङ) डींगें हाँकना - राजीव करता तो कुछ नहीं बस डींगें हाँकता रहता है।

iii) किन्हीं दो अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध कीजिए : 2 x 1 = 2

क) हमारे सभी अध्यापकों अच्छे हैं।

उत्तर : हमारे सभी अध्यापक अच्छे हैं।

ख) अमर को पूछो।

उत्तर : अमर से पूछो।

ग) बच्चा बस पर से गिर गया।

उत्तर : बच्चा बस से गिर गया।

iv) किन्हीं दो शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए : 2 x 1 = 2

क) इच्छा - अभिलाषा, चाह

ख) बगीचा - बाग़, वाटिका

ग) माता - जननी, माँ

घ) ऋषि - मुनि, साधु

v) किन्हीं दो शब्दों के विलोम शब्द लिखिए : 2 x 1 = 2

क) वसंत x पतझड़

ख) विरोध x समर्थन

ग) आरंभ x अंत

घ) आदर x अनादर

vi) रचना के आधार पर भेद लिखो : 3 x 1 = 3

क) माँ ने खाना बनाया और बच्चों को परोसा। - संयुक्त वाक्य

ख) महात्मा गांधी ने कहा कि स्वतंत्रता अहिंसा से ही प्राप्त की जा सकती है। - मिश्रित वाक्य

ग) नदियाँ पर्वतों से निकलती है। - सरल वाक्य

vii) किन्हीं दो वाक्यों में वाच्य का सही भेद चुनिए - 2 x 1 = 2

क) अहमद सिनेमा देखता है। - कर्तृवाच्य

ख) सुमन से बोला जाता है। - भाववाच्य

ग) सलमा से नमाज़ पढ़ी जाती है। - कर्मवाच्य

घ) रोमा चर्च जाती है। - कर्तृवाच्य

viii) कर्म के आधार पर क्रिया के भेद पहचानिए : 2 x 1 = 2

1. बच्चे फ़िल्म देख रहे हैं। - सकर्मक क्रिया

2. नर्तकी नाच रही है। - अकर्मक क्रिया

पहचानिए : 2 x1 = 2

1. जो समय का महत्त्व समझता है, वही दुनिया में उन्नति करता है। - संबंधवाचक सर्वनाम
2. पिता जी! डिब्बे में क्या है? - प्रश्नवाचक सर्वनाम

**खंड- ग**

प्रश्न 4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 2 x 4 = 8

1. काका कालेलकर ने नदियों को लोकमाता क्यों कहा है?

   उत्तर : नदियाँ युगों-युगों से मानव जीवन के लिए कल्याणकारी रहीं है। ये युगों से एक माँ की तरह हमारा भरण-पोषण करती है। इनका जल भूमि की उर्वराशक्ति बढ़ाने में विशेष भूमिका निभाता है। इसलिए नदियाँ माता के समान पवित्र एवं कल्याणकारी है। मानव नदी को दूषित करने के में कोई कसर नहीं छोड़ता परंतु इसके बावजूद भी अपार दुःख सहकर भी इस प्रकार का कल्याण केवल माता ही कर सकती है। अत: काका कालेलकर ने नदियों की माँ समान विशेषताओं के कारण उन्हें लोकमाता का दर्जा दिया है।

2. 'मास्टर जी की आवाज़ अब कम ऊँची थी। वे रेलगाड़ी के बारे में बता रहे थे।' मास्टर जी की आवाज़ धीमी क्यों हो गई होगी? लिखिए।

   उत्तर : पाठ के शुरुआत में मास्टर साहब सब बच्चों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करने के लिए शायद ऊँची आवाज़ में बात कर रहे थे पर जब उन्हें लगा कि अब सब बच्चे उनके पाठ में ध्यानमग्न हो गए तब उन्होंने अब पाठ समझाने की मुद्रा अपनाने के कारण अपनी आवाज़ को धीमा कर दिया होगा।

1. सिंधु और ब्रह्मपुत्र की क्या विशेषताएँ बताई गयी हैं?

उत्तर : सिंधु और ब्रह्मपुत्र हिमालय की दो ऐसी नदियाँ हैं जिन्हें ऐतिहासिकता के आधार पर पुल्लिंग रूप में नद भी माना गया है। इन्हीं दो नदियों में सारी नदियों का संगम भी होता है। प्राकृतिक और भौगोलिक दृष्टि से भी इनकी महत्ता है। कहा जाता है कि ये दो ऐसी नदियाँ हैं जो दयालु हिमालय की पिघले हुए दिल की एक-एक बूँद से निर्मित हुई हैं। इनका रूप विशाल और विराट है। इनका रूप इतना लुभावना है कि सौभाग्यशाली समुद्र भी पर्वतराज हिमालय की इन दो बेटियों का हाथ थामने पर गर्व महसूस करता है।

2. जाली के बड़े घर में पहुँचने पर मोर के बच्चों का किस प्रकार स्वागत हुआ?

उत्तर : दोनों नवांगतुकों ने पहले से ही रहने वाले में वैसा ही कुतूहल जगाया जैसा नववधू के आगमन पर परिवार में स्वाभाविक है। लक्का कबूतर नाचना छोड़ उनके चारों ओर घूम-घूम कर गुटरगूं-गुटरगूं की रागिनी अलापने लगे, बड़े खरगोश सभ्य सभासदों के समान क्रम से बैठकर उनका निरीक्षण करने लगे, छोटे खरगोश उनके चारों ओर उछलकूद मचाने लगे, तोते एक आँख बंद करके उनका परीक्षण करने लगे।

3. कुँवरसिंह को बचपन में किन कामों में मजा आता था? क्या उन्हें उन कामों से स्वतंत्रता सेनानी बनने में कुछ मदद मिली?

उत्तर : कुँवरसिंह को बचपन में घुड़सवारी, तलवारबाजी और कुश्ती लड़ने में मजा आता था। इन्हीं कार्यों के कारण उनके अंदर साहस और वीरता का विकास हुआ, जिससे वे आगे जाकर अंग्रेजों से लोहा ले सके।

जाता है?

उत्तर : हॉकी का खेल भारत में अत्यंत लोकप्रिय है। यह खेल भारत के प्रत्येक प्रदेश में खेला जाता है। इस खेल ने भारत को विश्व-पटल पर काफी प्रसिद्धि दिलवाई है। हॉकी के खेल में भारत देश ने सन् 1928 से 1956 तक, लगातार छः स्वर्ण-पदक जीते हैं। इन्हीं विशेषताओं के कारण हॉकी को भारत का राष्ट्रीय खेल माना जाता है।

5. गाँधीजी ने अखिल भारतीय कांग्रेस सहित कई संस्थाओं व आंदोलनों का नेतृत्व किया। उनकी जीवनी या उन पर लिखी गई किताबों के अंशों को चुनिए जिनसे हिसाब-किताब के प्रति गाँधीजी की चुस्ती का पता चलता है?

उत्तर : गाँधीजी पहले से हिसाब-किताब में चुस्त थे। अपने विद्यार्थी जीवन में भी गाँधीजी पाई-पाई का हिसाब रखते थे। वे कभी भी फिजूलखर्ची नहीं करते थे यहाँ तक कि पैसा बचाने के लिए वे कई बार कई किलोमीटर पैदल यात्रा करते थे क्योंकि उनका मानना था कि धन को जरुरी कामों में ही खर्च करना चाहिए। इसी हिसाब-किताब की चुस्ती के कारण वे सारे आंदोलनों को सफलतापूर्वक चला पाएँ।

प्रश्न 6. किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 4 x 2 = 8

1. दिए गए दोहों में बताई गई सच्चाइयों को यदि हम अपने जीवन में उतार लें तो उनके क्या लाभ होंगे? सोचिए और लिखिए।

तरुवर फल...................संचहि सुजान।।

उत्तर : इस प्रकार की सच्चाई अपनाने से हमारे मन से लोभ की भावना नष्ट हो जाएगी और हम परोपकार की ओर अग्रसर होंगे।

2. आँख में तिनका पड़ने के बाद घमंडी की क्या दशा हुई?

उत्तर : आँख में तिनका पड़ने के बाद घमंडी की आँख दर्द के कारण लाल हो गई। वह बैचैन हो उठा और किसी भी तरह से आँख से तिनका निकालने का प्रयत्न करने लगा।

3. नीचे दी गयी पंक्ति का आशय अपने शब्दों में लिखिए - 'माखन-रोटी हाथ मँह लीनी, गउवन के रखवारे।'

उत्तर : प्रस्तुत पंक्ति का आशय यह है कि ग्वाल-बालों ने हाथ में माखन रोटी ले ली है और वे सभी गौएँ चराने के लिए श्रीकृष्ण की प्रतीक्षा में खड़े हैं।

4. शाम का दृश्य अपने घर की छत या खिड़की से देखकर बताइए -

क) शाम कब से शुरू हुई?

ख) तब से लेकर सूरज डूबने में कितना समय लगा?

ग) इस बीच आसमान में क्या-क्या परिवर्तन आए?

उत्तर : क) शाम करीब 6 बजे शुरू हुई।

ख) तब से लेकर सूरज डूबने में करीब एक घंटे का समय लगा।

ग) इस बीच आसमान का रंग लाल और कुछ देर बाद पीले रंग में परिवर्तित हो गया और कुछ देर बाद सूरज आसमान से गायब हो गया और चारों ओर अँधेरा छा गया।

प्रश्न 7. किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए : 1 x 5 = 5

क) कवि विनाश के गीत क्यों गाना चाहता है?

उत्तर : कवि विनाश के गीत गाना चाहता है क्योंकि विध्वंस पर ही नवनिर्माण होता है।

ख) नीलकंठ और राधा की प्रिय ऋतु कौन-सी थी?

उत्तर : नीलकंठ और राधा की प्रिय ऋतु वर्षा ऋतु थी।

ग) कवि की आँख में पड़ा तिनका कैसे निकला?

उत्तर : कवि की आँख में पड़ा तिनका लोगों ने कपड़े की मूठ से निकाला।

घ) मास्टरजी ने रेलगाड़ी के चलने के बारे में क्या बताया?

उत्तर : मास्टरजी ने रेलगाड़ी के चलने के बारे में बताया कि रेलगाड़ी भाप से चलती है। इसे भाप की गाड़ी भी कहते हैं।

ङ) मीरा के भक्ति और प्रेम किसके प्रति है?

उत्तर : मीरा के भक्ति और प्रेम श्रीकृष्ण के प्रति है।

च) धनराज ने अपने बचपन के बारे में क्या बताया है?

उत्तर : धनराज ने अपने बचपन के बारे में बताया है कि उनका बचपन बहुत मुश्किलों में बीता, वे बहुत गरीब थे।

छ) गांधीजी क्या बना रहे थे?

उत्तर : गांधीजी अहमदाबाद के आश्रम का अनुमानित बजट बना रहे थे।

ज) मोर की चोंच कैसी थी?

उत्तर : मोर की चोंच बंकिम और पैनी थी।

प्रश्न 8. दिए गए पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनकर लिखिए : 1 x 5 = 5

खानपान की नई संस्कृति में हमें राष्ट्रीय एकता के लिए नए बीज भी मिल सकते हैं। बीज भलीभाँति तभी अंकुरित होंगे जब हम खानपान से जुड़ी हुई दूसरी चीज़ों की ओर भी ध्यान देंगे। मसलन हम उस बोली-बानी, भाषा-भूषा आदि को भी किसी-न-किसी रूप में ज्यादा जानेंगे, जो किसी खानपान-विशेष से जुड़ी हुई है।

1. खानपान की नई संस्कृति का सबसे अधिक प्रभाव किस पर पड़ता है?
   क) <u>राष्ट्रीय एकता पर</u>
   ख) रूचि पर
   ग) युवानों पर
   घ) स्त्रियों पर

2. खानपान के साथ किन चीजों का अनुसरण किया जाता है?
   क) भाषा और बोली
   ख) रहन-सहन
   ग) वेशभूषा
   घ) <u>दिए गए सभी</u>

3. खानपान की संस्कृति को राष्ट्रीय एकता से कैसे जोड़ा जाता है?
   क) <u>खानपान के आधार पर सभी लोगों का विभिन्न प्रांतों की भाषा व रहन-सहन को भी ग्रहण करना</u>
   ख) रहन-सहन को भी ग्रहण करना
   ग) भाषा ग्रहण करना
   घ) इनमें से कोई नहीं

4. 'बोली और भाषा' का राष्ट्रीय एकता पर कैसे प्रभाव पड़ता है?
   क) प्यार बढ़ता है
   ख) सभी लोग सीखते है
   ग) नए प्रांत को जान लेते है
   घ) <u>एक दूसरे प्रांत के भावों और विचारों को समझने लगते हैं</u>

5. किसी संस्था का खानपान भिन्न-भिन्न क्यों होता है?
   क) रूचि के आधार पर
   ख) वस्तु की उपलब्धता के आधार पर
   ग) मौसमानुसार मिलने वाले पदार्थो के आधार पर
   घ) <u>दिए गए सभी</u>

प्रश्न 9. दिए गए पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर छाँटकर लिखिए : 1 x 5 = 5

जागो बंसीवारे ललना !
जागो मोरे प्यारे !
रजनी बीती भोर भयो है, घर-घर खुले किंवारे।
गोपी दही मथत, सुनियत है कंगना की झनकारे।।
उठो लालजी ! भोर भयो है सुर-नर ठाड़े द्वारे।
ग्वाल-बाल सब करत कोलाहल, जय-जय सबद उचारै।।
माखन-रोटी हाथ मँह लीनी, गउवन के रखवारे।
मीरा के प्रभु गिरधर नागर, सरण आयाँ को तारै।।

1. इस पद्यांश की रचयिता हैं?
   क) <u>मीराबाई</u>
   ख) महादेवी वर्मा
   ग) सुभद्रा कुमारी
   घ) इनमें से कोई नहीं

2. पद्यांश में किस समय की बात की गई है?

क) शाम के समय की

ख) <u>भोर के समय की</u>

ग) रात के समय की

घ) दोपहर के समय की

3. मीरा कृष्ण को क्यों उठाना चाहती है?

क) भोर का समय हो गया था

ख) ग्वाल बाल उनका इंतजार कर रहे थे

ग) गोपियाँ कृष्ण के लिए ताजा मक्खन निकाल रही थीं

घ) <u>दिए गए सभी</u>

4. कृष्ण को जगाने हेतु द्वार पर कौन-कौन खड़े थे?

क) <u>देव और दानव</u>

ख) मानव

ग) ग्वाल और बाल

घ) पशु और पक्षी

5. ग्वाल बालों के हाथ में क्या था?

क) दही-रोटी

ख) <u>माखन-रोटी</u>

ग) रोटी

घ) दूध

प्रश्न 10. जहाँ चाह वहाँ राह इस विषय पर अनुच्छेद लिखिए 5

## जहाँ चाह वहाँ राह

प्रत्येक व्यक्ति के मन में किसी न किसी लक्ष्य को पाने की कामना रहती है। कई बार हम अपने लक्ष्य तक पहुँचने में असफल होते हैं और अक्सर इसका दोष हम दुर्भाग्य को देते है। हमारी असफलता के दोषी हम खुद है, हमें हार माने बिना दृढ़ इच्छा और योजना के साथ फिर लक्ष्य तक पहुँचने का प्रयास करना चाहिए। असफलता सफलता की सीढ़ी है, हमें कभी हार नहीं माननी चाहिए कि यह असंभव है।

नेपोलियन के अनुसार असंभव शब्द मूर्खों के शब्दकोश में पाया जाता है।

मनुष्य को स्थिर इच्छाशक्ति को बनाए हुए, अंतिम साँस तक अपने लक्ष्य तक पहुँचने का प्रयास करना चाहिए। अँग्रेजी भाषा में भी कहा जाता है, **"Were there is a wi l l, there is a way''**

पाणिनी, संस्कृत भाषा के महान वैयाकरण जब बच्चे थे और उसकी प्रारंभिक शिक्षा के लिए उसकी माँ उन्हें शिक्षक के यहाँ ले गई, शिक्षक ने कहा उनकी हथेली में शिक्षा के लिए कोई रेखा नहीं है उन्होंने अपने हाथ में चाकू से रेखा खींची और उस शिक्षक के पास गए। यह देखकर शिक्षक ने कहा दृढ़ इच्छाशक्ति से कुछ भी प्राप्त करना असंभव नहीं है। इसीलिए कहते है - 'जहाँ चाह वहाँ राह'

प्रश्न 11. अपने मित्र या सखी को बड़े भाई के विवाह पर निमंत्रित करते हुए पत्र लिखिए। 5

आलोक निवास
333, अहिंसा मार्ग
नई दिल्ली
दिनाँक : 26 मई, 2012

प्रिय समीर
स्नेह
तुम्हें यह जानकर प्रसन्नता होगी कि मेरे बड़े भाई अनुराग का शुभ विवाह दिनाँक 26 जून, 2012 को होना निश्चित हुआ है।
बारात सायंकाल छह बजे सेना नगर के लिए प्रस्थान करेगी। मेरे माता-पिता तथा परिवार के अन्य सदस्यों की हार्दिक इच्छा है कि तुम भी सपरिवार पधारो। मुझे विश्वास है कि तुम निराश नहीं करोगे।
पत्र के साथ विवाह का कार्यक्रम तथा निमंत्रण पत्र भी भेज रहा हूँ।
प्रतीक्षा में
तुम्हारा मित्र
साकेत।